# पहली बार मत करने वाले युवा सम्मानित, स्काउट एवं एन.सी.सी. विद्यार्थियों ने दी सेवाएं

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर संसदीयक्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 आज शान्तिपुर्वक संपन्न हुए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर संसदीयक्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान करनें को प्रेरित किया गया। जिसके अर्न्तगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 08-08 मतदान केन्द्र महिलाओं एवं युवाओं तथा 01 मतदान केन्द्र विशेष योग्यजन प्रबन्धित मतदान केन्द्र बनाए गए। जहां महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान अधिकारियों पूर्ण विश्वास के साथ कमान संभालते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपुर्ण मतदान सम्पन्न करवाया।

जिले में मतदान दिवस मतदाताओं को लुभाने एवं अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के लिए ग्रीन एवं युनिक मतदान केन्द्र बनाये गये। जिसमें ग्रीन कारपेट बिछा मतदाताओं का स्वागत किया गया। साथ ही मूलभूत आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। प्रवेश द्वार को गुब्बारों से सुसज्जित किया गया। जहां मतदाताओं ने अति उत्साह दिखाया अपने अमूल्य मत डाला।

### हैप्पी ऑवर्स में मतदाताओं ने पौधारोपण किया

निर्वाचन आयोग ने नवाचार के रुप में मतदान के दिवस प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उनसे मतदान केन्द्र पर पौधारोपण भी करवाया गया। यही नहीं युवा मतदाता जिन्होंने पहली बार मत ड़ाला उन मतदाताओं को भी निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदान करने के उपलक्ष में युवा मतदाताओं को निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र दिया। इस नवाचार के लिए निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन की प्रशंसा की।

लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिले में आयोजित मतदान के दौरान स्काउट एवं एनसीसी छात्र छात्राओं ने अपनी सेवाऐं देकर मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्काउट एवं एनसीसी छात्र छात्राओं ने अपने मतदान केन्द्र पर दिव्यांगजन को मतदान केन्द्र पर लाकर मतदान करवाने एवं पुनः उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने का पुनीत कार्य किया। इसके साथ मतदाताओं को पानी पिलाकर अपनी सेवाओं से लाभान्वित किया।

### दिव्यांगों व महिलाओं ने निभाई अपनी सहभागिता

लोकसभा आम चुनाव में दिव्यांगजन और महिलाओं ने अपने मतदान केन्द्र पर मतदान कर लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करवाई।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप समस्त मतदान केन्द्ा्रे पर व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई महसूस ना हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### नवविवाहितों ने निभाई लोकतंत्र की रस्म

मतदान केन्द्रों पर नव विवाहित जोड़ों द्वारा मतदान किया गया। उन्होंने राजस्थानी लोक संस्कृति की वेशभूषा पहन मतदान केन्द्र पर आकर मतदान दिवस पर शादी से पुर्व लोकतन्त्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान कर लोकतन्त्र की रस्म को निभाया।



बाड़मेर में मतदान के लिए कई जनों का हौंसलाा बुलंद दिया।

### आवश्यक सेवाओं से सुसज्जित रहे मतदान केन्द्र

मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप समस्त मतदान केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल, पर्याप्त छाया, व्हीलचेयर, रैम्प, शौचालय इत्यादी आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध करवाया गया।

साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजन और दृष्टिबाधित मतदाताओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध करा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।


### शांतिपूर्ण मतदान के लिए आभार जताया

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन एवं जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा ने जिले में लोकसभा चुनाव-2024 शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर भी प्रत्याशियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिलेवासियों, मतदाताओं के प्रति आभार प्रदर्षित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए नियुक्त एरिया एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार जताया। जिनकी सजगता, सतर्कता एवं शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए की गई तत्परता पूर्ण कार्यवाही के फलस्वरुप मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो पाया है।

उन्होंने मतदान व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी के साथ ही मतदान कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों की स्थापना एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के लिए नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रति आभार का प्रदर्शन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के प्रेस प्रतिनिधियों, इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति विशेष रुप से निर्वाचन संबंधी समाचारों के सम्प्रेषण में बरती गई तत्परता तथा प्रेस के माध्यम से जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने, लोगों को आदर्श आचार संहिता की पालना करने के लिए प्रेरित करने, स्वीप गतिविधियों का विशेष प्रचार-प्रसार करने तथा मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा जुटाई गई विभिन्न व्यवस्थाओं का प्रचार-प्रसार के लिए आभार प्रदर्शित किया है।



बाड़मेर में नव विवाहित जोड़े ने मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में शाम तक 70.98 प्रतिशत अनुमानित मतदान

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत बाड़मेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान दिवस 26 अप्रैल को संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, उप निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह चादांवत, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीणा समेत सभी प्रकोष्ठ प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संचालित जिला नियन्त्रण कक्ष में संवेदनशील मतदान केन्द्रों की कानून व्यवस्था के साथ-साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने, पुलिस एवं वेबकास्टिंग टीम को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे और मॉनिटरिंग करते रहे।

इसी प्रकार एकीकृत चुनाव नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी चुनाव कार्मिकों द्वारा मतदान प्रक्रिया के एक-एक पल की न सिर्फ निगरानी रखी गई बल्कि उन्हें यथा संभव मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहायता प्रदान की गई।

किसी भी मतदान केन्द्र से अगर कोई फोन आता, टीवी, सोशल मीड़िया के माध्यम से सूचना मिलती वैसे ही तत्काल वहीं पर समाधान कर मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से प्रारम्भ किया जाता है।

बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में शाम तक 70.98 प्रतिशत अनुमानित मतदान हुआ। प्राप्त सूचना के आधार पर बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में 75.97, बायतु विधानसभा क्षेत्र में 73.60, चौहटन विधानसभा क्षेत्र में 69.79, गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र में 72.02, जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र में 74.98, पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में 63.92, शिव विधानसभा क्षेत्र में 74.33 एवं सिवाणा विधानसभा क्षेत्र में 63.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

## युवक से मारपीट कर नगदी छीनी, दी धमकियां

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के रोहिचा खुर्द गांव में कार रोक कर एक युवक को उसकी पत्नी बच्चों के सामने कुछ युवकों ने पीटा और नगदी छीन ली। पीड़ित पत्नी और बच्चों को बैंगलूरू के लिए रेलवे स्टेशन पर छोड़ने जा रहा था। मामला 22 अप्रेल का है मगर अब केस दर्ज करवाया गया है। लूणी पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

लूणी पुलिस ने बताया कि रोहिचा खुर्द निवासी नरसिंगराम पुत्र जगमालराम पटेल की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह 22 अप्रेल की रात को अपनी पत्नी और बच्चों को बैंगलूरू के लिए रेलवे स्टेशन छोड़ने अपनी कार लेकर जा रहा था। तब रास्ते में ड़ायाराम, जितेंद्र, अशोक आदि ने दो गाड़ियों पर आकर उसकी कार का रास्ता रोका तथा गाली गलौच करने लगा। उन्हें टोका गया तो कार को रूकवा कर पत्नी और बच्चों के सामने मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उसके पास रखे 500-700 रूपए भी छीन लिए। उसके कपड़े फाड़ दिए गए। वह बाद में पत्नी बच्चों को रेलवे स्टेशन छोड़कर लौटा तो उसे जान की धमकी दी। मारपीट और धमकी के चलते उसे बुखार हो गया। अब गुरूवार को थाने पहुंचा और केस दर्ज करवाया। लूणी पुलिस ने अब आरोपियों की तलाश आरंभ की है। मारपीट की वजह पता नहीं चली है, मगर माना जा रहा है कि इनके बीच पुराना विवाद हो सकता है।

# रावल किशनसिंह जसोल ने मतदान का महत्व बताया



राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान अध्यक्ष रावल किशनसिंह जसोल ने सपरिवार मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान अध्यक्ष रावल किशनसिंह जसोल ने सपरिवार अपने मतदान केंद्र राजकीय बालिका विद्यालय में पहुंच जसोल ग्राम में पहला वोट डाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि पहले मतदान फिर जलपान उसी को ध्यान में रख आज मतदान केंद्र पहुंच मत का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ना जाति पर, ना धर्म पर, वोट देना है कर्म पर, उसी को ध्यान में रख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

साथ ही बताया कि श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान जसोलधाम की राष्ट्रिहत में शत प्रतिशत मतदान हो और सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर पहल जारी है जिसके तहत लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## जैसलमेर में 79.93, पोकरण में 69.44 फीसदी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। देश के सीमावर्ती जैसलमेर जिले में संसदीय क्षेत्र जोधपुर के विधानसभा क्षेत्र पोकरण एवं संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के विधानसभा क्षेत्र जैसलमेर में शुक्रवार, 26 अप्रेल को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया। महिला मतदाताओं ने भी बढ़ चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सषक्त लोकतंत्र के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जिले में एक मोटे अनुमान के 75 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया है। इसमें जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र में अनुमानतः 79 प्रतिशत से अधिक और पोकरण विधानसभा क्षेत्र में 69 से अधिक मतदान हुआ है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रतापसिंह ने बताया कि मतदान दिवस के दिवस विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने भी मतदान के दिवस मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के साथ ही अन्य मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने से जिले में मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है।

# बालोतरा कलैक्टर ने बूथों पर जाकर व्यवस्थाएं परखी




बालोतरा कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मतदान दिवस के दिन बायतु विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर मतदान के लिए व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बायतु विधानसभा के खिवालीसरा, माधासर एवं आहोणीयों बेनीवालों की ढाणी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने मतदान दल के कार्मिकों से वार्ता कर मतदान की जानकारी प्राप्त की। उन्होने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपुर्ण चुनाव संपन्न करवानें के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला प्रशासन को सुचित करावें।

इस दौरान उन्होने मतदाताओं के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान करने आए वृद्धजन, महिलाओं एवं दिव्यांगजन को प्राथमिकता के साथ मतदान करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मतदान स्थलों पर महिलाओं तथा बुजुर्गों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त छाया का भी इंतजाम किया गया है अतः लोग अधिक से अधिक मतदान करे ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। इसके लिए उन्होंने युवा वोटरों से आगे आने की अपील की।

## जालोर में पूजा पार्थ ने ग्रीन बूथ पर मतदान किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर सिरोही लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण थीम पर आधारित मॉडल ग्रीन बूथ, राजेंद्र नगर जालोर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए बूथ पर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने जालोर व बागरा स्थित मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर छाया, पेयजल, बैठक व्यवस्था आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

युवा, महिला एवं दिव्यांग प्रबंधित बूथ बने रहे आकर्षण के केन्द्र : लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत जालोर जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखा गया। वही निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 यूथ एवं महिला प्रबंधित बूथ तथा 1-1 दिव्यांग प्रबंधित बूथ बनाये गये जोकि आकर्षण के केन्द्र रहे। इन बूथों पर मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं को महिला, यूथ व दिव्यांग कार्मिकों ने कुशलतापूर्वक अंजाम दिया। इन नवाचारों की जिले के विभिन्न मतदाताओं ने सराहना की। लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं अति वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की सुविधा निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई।

# नाकोड़ा में ओलीजी आराधना हुई

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के निकट नाकोड़ा में तप के द्वारा आत्मा कुंदन बनती है। इस युक्ति को सार्थक किया देश भर के विभिन्न हिस्सों से नाकोडा तीर्थ पहुंचे 235 श्रावक श्राविकाओं, जिन्होंने पिछले 9 दिनों से नवपद ओलीजी की दिव्य आराधना कर अपनी आत्मा को तपाकर मानव जीवन को सार्थक किया।।

जैन धर्म के ख्यातनाम तीर्थ श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भैरव महातीर्थ में श्री नाकोडा ट्रस्ट के ट्रस्टी समाज सेवी गौतम जी बालड, मुंबई परिवार ने नवपद ओलीजी आराधना का भव्य लाभ लेकर महान पुण्य का कार्य किया। संपूर्ण बालड परिवार गत 9 दिनों से ओलीजी की आराधना करने वाले श्रावक श्राविकाओं की सेवा में पूरी तन्मयता से जुटे हुए थे।

श्री नाकोडा तीर्थ के शांति भवन में बने विशेष पांडाल में तीर्थ में पधारे जैन धर्म के साधु संतो के मंडल के सानिध्य में सभी तप साधकों का बालड परिवार द्वारा स्वागत एवम बहुमान किया गया। बहुमान समारोह का आगाज सामूहिक नवकार महामंत्र की स्वर लहरियों से हुआ। ओलीजी आराधकों एवम श्रावक श्राविकाओं ने तीर्थ को नवकार महामंत्र से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भगवान एवम नाकोडा भैरव दादा की जयकारों से भी श्रद्धालुगण खूब रंगे दिखे।



बालोतरा के पास नाकोड़ा में धाार्मिक आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

बहुमान समारोह से पूर्व अल सवेरे सभी ओलीजी साधकों ने मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना एवम आराधना की। साधकों ने भक्ति भावों में गहरी डुबकियां लगाई।

नवपद ओली जी आराधना के लाभार्थी गौतम जी बालड एवम सुश्राविका मंजू बालड परिवार ने सभी तपस्वियों का तिलक लगाकर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही सभी आराधकों को बालड परिवार ने चांदी का स्मृति चिन्ह बहुमान स्वरूप प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री नाकोडा तीर्थ ने भी सभी आराधकों को 11०० रूपये की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया।सम्पूर्ण पांडाल केसरिया केसरिया आज म्हारो रंग केसरिया से गूंज उठा।

बहुमान समारोह में नाकोडा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी प्रकाश वडेरा,ट्रस्टी गणपत बुरड सहित अनेक ट्रस्टी गण,श्री नाकोडा तीर्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्रराज सिंघवी, प्रबंधक आर के मेहता सहित गणमान्य श्रावक श्राविकाओं ने शिरकत की।

इस अवसर पर श्री नवपद ओली जी आराधना के लाभार्थी मंजू गौतम बालड परिवार का श्री नाकोडा ट्रस्ट द्वारा बहुमान किया गया। ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी प्रकाश वडेरा व ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जीतू भाई चौपडा, पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक चौपडा,ट्रस्टी गणपत जी बुरड, महेंद्र बागरेचा, पुरुषोत्तम सेठिया, हुल्लास बाफना, भरत मेहता,श्री जतनराज कोठारी व राजेंद्र सांखला ने सुश्रावक गौतम बालड का माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर, राजस्थानी साफा पहनाकर अभिनंदन कर बहुमान किया।

## शेखावत ने जताया आभार

**जोधपुर**, (कासं) । केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाने के लिए जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं। आपकी सेवा करता आया हूं, करता रहूंगा।



मुंबई में कार्यरत नमन व्यास पुरा मोहल्ला निवासी ने जोधपुर आकर मतदान किया।

## पाली में शांतिपूर्ण मतदान

**पाली**, (नि.सं.)। पाली लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ।पाली शहर सहित सभी जगह पर सुबह 7:00 से मतदान धीमी गति से शुरू हुआ।

पाली शहर के सभी मतदान केंद्र पर मतदान धीरे-धीरे हुआ। बहुत कम समय लाइनें लगी, वहीं जिले में कोई जगह ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं की लाइन लगी। जिसके कारण पूरे जिले में शाम 5: बजे तक 51.75 प्रतिशत मतदान हुआ। पाली लोकसभा क्षेत्र में 5 बजे तक 51.75 प्रतिशत मतदान हुआ।

विधानसभानुसार क्रमश : पाली-54.77, सोजत-55.31, मारवाड़ जंक्शन-49.40, बाली-50.12, सुमेरपुर-50.65, ओसिया-50.08, बिलाड़ा में 53.99 मतदान, भोपालगढ़-50.64 मतदान रहा। भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी ने अपने गांव भावी में सुबह जल्दी अपनी पत्नी व मां के साथ लाइन में लगकर मतदान किया। पाली के हाउसिंग बोर्ड के बूथ संख्या 60 में तकनिकी कारण मशीन करीब आधा घंटा खराब होने के कारण मतदान रुक रहा। चंडावल गांव में दूल्हे अशोक कुमार ने सबसे पहले वोट ड़ाला। सोजत तहसील के धूरियास नी गांव में अपने परिजन के साथ 80 वर्षीय ने व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे। पुराने कचहरी में चार पीढ़ी के लोगों ने एक साथ मतदान किया। रायपुर,बगड़ी, मतदान केंद्र पर महिलाओं की लाइन लगी। बांगड़ स्कूल, बलिया स्कूल, नाड़ी मोहल्ला आदर्श नगर, इंदिरा कॉलोनी, क्षेत्र में सुबह तेज दोपहर में धीमी गति से मतदान हुआ। केंद्रों पर पुलिस जीआरपी पुलिस की तैनात रही।

**सादड़ी संवाददाता के अनुसार :** लोकसभा चुनाव में बाली बिधानसभा क्षेत्र मे सबसे अधिक मतदान बाली विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी गांव नाडिया में हुआ जहा का वोटिंग प्रतिशत 81.81 प्रतिशत रहा।

जानकारी के अनुसार सबसे कम प्रतिशत प्रतापगढ़ झुंपा का रहा। जहां के बूथ 166 पर 27.45,बूथ 167 27.34 व बूथ 167 पर 27.41 प्रतिशत मतदान हुआ।